RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

पानी-पानी शहर में, हुआ पड़ा है यार।
पानी-पानी शर्म से, कब होगी सरकार।
कब होगी सरकार, शर्म से पानी-पानी।
नहीं किसी को पता, बात यह किसने जानी।
कह साहिल कविराय, बहुत सरकार सयानी।
पानी-पानी देख, कब हुई पानी-पानी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 189 | SATURDAY DATE 01-08-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना' को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** सरकार ने पांच हजार करोड़ करोड़ के बजटीय प्रावधान के साथ प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई) को मंजूरी दी है।केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम- एसएसवाई)' को मंजूरी दे दी है।इस योजना के तहत 5,070 करोड़ रुपये की लागत से देशभर में पांच हजार मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक (एफएसपीवी) परियोजनाओं का विकास किया जाएगा। इन परियोजनाओं के साथ कम से कम 10,000 मेगावाट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) क्षमता वाली ऊर्जा भंडारण प्रणाली (एनर्जी स्टोरेज सिस्टम) भी स्थापित की जाएगी, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच परियोजनाओं को स्वीकृति दी जायेगी, जबकि वित्तीय सहायता का वितरण 2032-33 तक जारी रहेगा।केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में सफलतापूर्वक चालू होने वाली प्रत्येक पात्र फ्लोटिंग सोलर परियोजना के लिए एक करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की सहायता दी जायेगी।

### तृणमूल कांग्रेस के खाते फ्रीज: अब ममता को सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने तीन एचडीएफसी बैंक खातों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा फ्रीज करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह कार्रवाई ईडी द्वारा कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है, जिसमें एक खाते से 133.84 करोड़ रुपये के लेनदेन का आरोप है। टीएमसी ने इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन 20 जुलाई को उन्हें कोई राहत नहीं मिली। अब इस मामले की सुनवाई 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की बेंच द्वारा होने की संभावना है।ईडी का आरोप है कि टीएमसी के एक बैंक खाते से 133.84 करोड़ रुपये केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खाते में भेजे गए थे, जिसे एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मानती है।इसकारण ईडी ने जांच शुरू की और कई बैंक खातों पर कार्रवाई की।

### अंकित शर्मा हत्याकांड: मल्होत्रा ने ताहिर हुसैन को उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले का किया स्वागत

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने खुफिया विभाग (आईबी) अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता ताहिर हुसैन को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के न्यायालय के फैसला का स्वागत किया है। श्री मल्होत्रा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि न्यायालय के फैसले के बाद आप का असली चेहरा सबके सामने आ गया है।न्यायालय ने इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है और बता दिया है कि किस प्रकार से पूर्वी दिल्ली में आम आदमी के गुंडो ने दंगे कराये हैं और आईबी अधिकारी की बेरहमी से हत्या कर दी।

# रेखा गुप्ता करेंगी विद्या वाहिनी योजना का शुभारंभ, 3,000 छात्राओं को मिलेंगी मुफ्त साइकिलें



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

दिल्ली सरकार शुक्रवार को छात्राओं के लिए एक नई पहल की शुरूआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'विद्या वाहिनी' योजना का शुभारंभ करेंगी। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त साइकिलें दी जाएंगी, ताकि उन्हें स्कूल आने-जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

योजना का शुभारंभ पूर्वी विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में होगा। पहले चरण में 3,000 छात्राओं को साइकिलें वितरित की जाएंगी।इसके बाद अगले एक महीने के भीतर चरणबद्ध तरीके से दिल्ली की करीब 1.40 लाख छात्राओं तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए कहा, 'दिल्ली की बेटियां केवल अपने सपने नहीं संजोतीं, वे एक विकसित, शिक्षित और समर्थ दिल्ली का भविष्य भी गढ़ती हैं। विद्या वाहिनी योजना उनके इसी सफर की नई साथी है।आज दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में पढ़ने वाली 3,000 बेटियों को साइकिलें भेंट की जाएंगी। ये साइकिलें हमारी बेटियों के लिए समय बचाने वाली, आत्मविश्वास बढ़ाने वाली और हर सुबह को नए उत्साह और नई उम्मीद से भरने वाली साथी बनेंगी।' इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की शिक्षा को आसान बनाना है। राजधानी में कई ऐसी छात्राएं हैं, जिन्हें रोजाना लंबी दूरी तय करके स्कूल जाना पड़ता है।कई बार परिवहन की सुविधा या खर्च की वजह से उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है।ऐसे में मुफ्त साइकिल मिलने से न सिर्फ उनका सफर आसान होगा, बल्कि स्कूल में नियमित उपस्थिति भी बढ़ेगी।सरकार का कहना है कि कोई भी बेटी केवल दूरी, आर्थिक परेशानी या परिवहन की दिक्कत के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े।सरकार को उम्मीद है कि इस योजना से छात्राओं को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा, परिवारों पर आने वाला परिवहन का खर्च कम होगा और अधिक से अधिक बेटियां नियमित रूप से स्कूल पहुंच सकेंगी।

## दिल्ली पहुंचा संत रविदास जन्मस्थली का पावन कलश, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया स्वागत



संत श्री रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत वाराणसी स्थित संत रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पावन मिट्टी का कलश शुक्रवार को दिल्ली पहुंचा। नोएडा-दिल्ली सीमा पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इसके बाद कलश यात्रा करोल बाग स्थित संत श्री रविदास विश्रामधाम पहुंची, जहां इसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए स्थापित किया गया। भाजपा के अनुसार संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर सात माह तक चलने वाले अभियान के तहत 29 जुलाई को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में जन्मस्थली की पावन मिट्टी के कलश देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों को सौंपे गए थे।



## 'क्या आप भाजपा से हैं'-दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिजनों की प्रेस कांफ्रेंस पर राहुल गांधी का तीखा हमला

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए छात्र मार्च के दौरान घायल हुए दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिवारों की स्थिति से जुड़े एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणी की, 'क्या आप भाजपा से हैं?' शुक्रवार को दिन में इससे पहले 20 जुलाई को प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ हुई झड़पों में घायल हुए दिल्ली पुलिस के कर्मियों के कई परिवारों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्होंने उस दिन की आपबीती और उन कठिन परिस्थितियों का ब्योरा साझा किया, जिनका सामना उन्हें करना पड़ा। उन्होंने उन लोगों से जवाब भी मांगा जो हिंसा का राजनीतिकरण कर प्रदर्शनकारी समूहों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं और अपने परिवारों के लिए न्याय की मांग की। जब संसद परिसर में एक पत्रकार ने राहुल गांधी से उस प्रेस कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया मांगी, जिसमें पुलिसकर्मियों के परिवारों ने अपनी शिकायतें और परेशानियां साझा की थीं, तो राहुल गांधी ने झुंझलाते हुए पूछा, 'भैया, क्या आप भाजपा से हैं?' राहुल गांधी की इस प्रतिक्रिया को दिल्ली पुलिसकर्मियों के प्रति असंवेदनशील और उदासीन माना जा रहा है।

## 'हरित दिल्ली' की ओर बड़ा कदम, DU के छात्रों संग एलजी ने किया पौधारोपण

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**



राजधानी दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शुक्रवार को एक बड़ा कदम उठाया। डीडीए ने दिल्लीभर में एक दिवसीय वृहद पौधारोपण अभियान चलाकर 77 अलग-अलग स्थानों पर 1 लाख से अधिक देशी प्रजातियों के पेड़ और पौधे लगाए। अभियान की औपचारिक शुरूआत दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कमला नेहरू रिज में खुद पौधा लगाकर की। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य को जनभागीदारी से जोड़ना बेहद जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक हरित और स्वस्थ दिल्ली मिल सके।

कमला नेहरू रिज में आयोजित कार्यक्रम में करीब 200 लोगों ने भाग लिया। इनमें सेंट स्टीफंस, हिंदू कॉलेज, हंसराज कॉलेज और महर्षि वाल्मीकि कॉलेज के छात्र-छात्राएं, ममता पब्लिक स्कूल (विकासपुरी) और राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (शक्ति नगर) के विद्यार्थी, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्य तथा मॉर्निंग वॉकर शामिल रहे। डीडीए के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## आज मेरा रोल कैमरे के सामने हाजिरी लगाने का नहीं, सिस्टम को ठीक करना है: राघव चड्ढा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**



राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026 पर बोलते हुए कहा कि अब उनका मकसद सिर्फ सवाल उठाना नहीं, बल्कि सिस्टम को ठीक करना है। राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'जब मैं विपक्ष में था, तब सवाल मेरा हथियार था। आज मैं ट्रेजरी बेंच पर हूं, अब सॉल्यूशन मेरी जिम्मेदारी है। इसलिए मैंने खुद से वादा किया कि जब सिस्टम ठीक हो जाएगा तो मैं इस मुद्दे पर पार्लियामेंट में बोलूंगा, क्योंकि मुझे हेडलाइन नहीं, मुझे आउटकम चाहिए था।' इससे पहले गुरुवार को राज्यसभा में चर्चा के दौरान राघव चड्ढा ने कहा, 'मैं अपने शुभचिंतकों से भी कुछ कहना चाहूंगा क्योंकि वे पूछ रहे थे कि आप नीट के मुद्दे पर कब बोलेंगे? मैं बहुत ही विनम्रता से कहना चाहता हूं कि जब मैं विपक्ष में बैठता था, तो सवाल मेरा हथियार था, आज मैं ट्रेजरी बेंच पर बैठता हूं तो सॉल्यूशन मेरी जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा कि वह रोज कैमरे के सामने आकर बयान दे सकते थे, लेकिन उन्हें हेडलाइन नहीं आउटकम चाहिए।

चड्ढा ने कहा, 'जब मैं विपक्ष में था, तो मेरा काम मुद्दा ढूंढना और सवाल उठाना था और पूरा सदन जानता है कि मैंने वह काम पूरी ईमानदारी से किया लेकिन आज मेरा रोल कैमरे के सामने हाजिरी लगाने का नहीं है। मेरी भूमिका सिस्टम को ठीक करना है।' सांसद ने कहा कि उन्होंने खुद से वादा किया था कि वह इस मुद्दे पर संसद में उसी दिन बोलेंगे जिस दिन सरकार कोई ठोस समाधान लेकर आए।

## कमलजीत सहरावत बोलीं-छात्रों के नाम पर हिंसा बर्दाश्त नहीं, कांग्रेस ने पैलेट गन और लाठीचार्ज पर मांगा जवाब

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**



भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन के नाम पर उत्पात मचाने वाले लोग छात्र नहीं हो सकते हैं, क्योंकि छात्र कभी ऐसा नहीं करेंगे। कुछ असामाजिक तत्व छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए और उन्होंने इस तरह का हुड़दंग मचाया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सांसद कमलजीत सहरावत ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि हम छात्रों के साथ हैं। छात्रों की अपनी चिंता होती है। निश्चित तौर पर वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित होते हैं, जिससे हम खुद परिचित हैं, लेकिन जिस तरह से छात्रों का आवरण ओढ़कर कुछ लोगों ने जंतर मंतर पर हुड़दंग मचाया, वह गलत है। उनके मुताबिक, पुलिस के साथ जिस तरह की बर्बरता विरोध प्रदर्शन में शामिल असामाजिक तत्वों ने की है, उसे पूरे देश ने देखा। पुलिस भी हमारे ही समाज का हिस्सा हैं। निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि छात्रों के एक वर्ग में सरकार की किसी कार्यप्रणाली को लेकर आपत्ति हो सकती है, लेकिन वो इस तरह का हुड़दंग नहीं मचाएंगे, जैसा हमें देखने को मिला है। भाजपा सांसद ने कहा कि जिन लोगों ने छात्रों के इस शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन में दाखिल होकर हुड़दंग मचाने का काम किया, उन्हें चिन्हित करके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उधर, कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह से जब विरोध प्रदर्शन में घायलों हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों की ओर से किए गए प्रेसवार्ता के संदर्भ में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर पैलेट गन, एके 47 का इस्तेमाल किया गया, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर हम सरकार से सवाल कर रहे हैं।

# दिल्ली के सीलमपुर में पीडब्ल्यूडी का सीसीटीवी डीवीआर चोरी करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।



दिल्ली पुलिस ने राजधानी के सीलमपुर इलाके में लगे सरकारी पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) के सीसीटीवी डीवीआर की चोरी का मामला सुलझा लिया है और इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। चोरी का सामान और उसे बेचकर मिली रकम का एक बड़ा हिस्सा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सीलमपुर के जे-ब्लॉक में लगे सरकारी पीडब्ल्यूडी सीसीटीवी डीवीआर की चोरी के संबंध में रईस खान की शिकायत पर सीलमपुर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) और 317(2) के तहत ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। यह चोरी 27 जुलाई को हुई थी। जांच के दौरान, पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और डीवीआर चुराते हुए दो लोगों की पहचान की। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों का पता लगाया गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

उनकी पहचान दानिश अंसारी (पिता रईस अंसारी, निवासी श्री राम कॉलोनी, खजूरी, दिल्ली) और आरिफ खान (पिता मकसूद अहमद, निवासी श्री राम कॉलोनी, खजूरी) के तौर पर हुई है। लगातार पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि चोरी किया गया डीवीआर जहांगीरपुरी इलाके में एक कबाड़ी को बेचा गया था।

## गौपुत्र दल का प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न, 33 यूनिट रक्त संग्रहित




### रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है : सुनील क्रांतिकारी

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में गौपुत्र दल अग्रोहा द्वारा प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 33 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में सर्वोदय ब्लड बैंक, हिसार की चिकित्सकीय टीम ने रक्त संग्रह किया तथा सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई।

इस अवसर पर गौपुत्र दल के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। आपका थोड़े समय का यह योगदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा समाजहित के ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौपुत्र दल का उद्देश्य केवल गौ सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहना है।

## 'न्याय की जीत हुई', ताहिर हुसैन सजा मामले में सीएम रेखा गुप्ता ने किया कोर्ट के फैसले का स्वागत

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली दंगा मामले में कोर्ट द्वारा पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और अन्य 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के फैसले का स्वागत किया है। सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आईबी अधिकारी स्वर्गीय अंकित शर्मा हत्याकांड में न्यायालय द्वारा आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और अन्य 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने का हम स्वागत करते हैं। आज दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी से जवाब चाहती है। ताहिर हुसैन को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया, लेकिन उसके बाद भी अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया उसके सपोर्ट में खड़े रहे ! उसे बचाने की लगातार कोशिश करते रहे ! आखिर क्यों? क्या अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को बताएंगे? क्या उनकी शह पर ही ताहिर हुसैन जैसे लोगों ने दंगों की साजिश रची थी?

उन्होंने कहा कि आज न्याय की जीत हुई है। यह फैसला देश के हर नागरिक का कानून और न्यायपालिका पर विश्वास और मजबूत करता है।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आज दिल्ली के ट्रायल कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता ताहिर हुसैन को पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में दंगा फैलाने और आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की बर्बर हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। आम आदमी पार्टी का असली चेहरा आज सामने आया है।

वहीं, भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा कि मेरा मानना है कि कानून ने अपना काम किया है और अंकित शर्मा के परिवार को आज कुछ राहत महसूस हो रही होगी।



उन लोगों पर सवाल उठते हैं जिन्होंने ताहिर हुसैन को एक खास धर्म के नजरिए से देखा और उन्हें बेगुनाह दिखाने की कोशिश की। उन्हें 'बेनिफिट ऑफ डाउट' (संदेह का लाभ) देने की कोशिश की गई, यह मानकर कि सिर्फ इसलिए कि वह एक खास धर्म से थे, वह बेगुनाह ही होंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के कामों को याद कीजिए। सोचिए कि उन्होंने उनका बचाव करने की कोशिश कैसे की। ताहिर हुसैन अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी थे, उनकी अपनी पार्टी के पार्षद थे। आज मैं इन लोगों से पूछता हूं कि क्या वे देश से माफी मांगेंगे?

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमिला की गला दबाकर की गई थी हत्या, साथी पर रिपोर्ट दर्ज

लोनी, यूटर्न/ 31 जुलाई । पूजा कॉलोनी में प्रमिला की हत्या गला दबाकर की गई थी, यह बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई है और हत्या का आरोप भी उसके साथ रहने वाले पवन कुमार पर लगाया है। महिला के परिजन की ओर से ट्रोनिका सिटी थाने में शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी लोनी राम किशन ने बताया कि पूजा कॉलोनी में मूलरूप से बिहार मुज्जफरपुर भगवतीपुर, मुसहरी निवासी प्रमिला उर्फ सुशीला का शव सड़ी गली अवस्था में मिला था। इस मामले में पुलिस ने परिजनों को सूचना दी तो बिहार से लोनी पहुंचे। उन्होंने पवन के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। परिवार के लोगों का कहना है कि प्रमिला के चार बेटे कन्हाई, संतोष, मुकेश, रोहित और एक बेटी संजू देवी है। कन्हाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मां हमें छोड़कर मुज्जफरपुर के ही विंदु तिवारी के साथ रहने लग गई थी, इससे एक सात साल की लड़की विद्या है। कुछ समय बाद वह पवन निवासी दोस्तपुर थाना साहेबगंज जिला मुज्जफरपुर बिहार के साथ रहने लगी थीं। बाद में पवन, प्रमिला और उनकी बेटी विद्या को बिहार से ट्रोनिका सिटी ले आया।

### थाईलैंड के गाजे के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 31 जुलाई । थाईलैंड और देसी 20 किग्रा गांजे के साथ इंदिरापुरम थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में गांजा सप्लाई करते थे। जब्त किए गए गांजे की कीमत लाखों रुपये में बताई गई है। पुलिस ने बताया कि महिला तस्कर पहले भी नशा बेचने के आरोप में जेल जा चुकी है।

एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में गांजा बिक्री को लेकर सूचना मिली तो उनके खिलाफ अभियान चलाया। बुधवार रात को कनावनी के पास से आशु शर्मा को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया।

## दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों की प्रेस कॉन्फ्रेंस भाजपा प्रायोजितः उदित राज

नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई

कांग्रेस नेता उदित राज ने दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों की प्रेस कॉन्फ्रेंस को भाजपा प्रायोजित करार दिया है। उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर पप्पू यादव के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। कांग्रेस नेता उदित राज ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस भाजपा द्वारा प्रायोजित है। इस प्रेस वार्ता में पुलिस के परिजन नहीं शामिल हुए थे। पुलिस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नियंत्रण में है। गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है। जेन जी की मांग को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर छात्र प्रदर्शन में अपराधी थे तो भाजपा की सभी रैलियों में बड़ी संख्या में अपराधी शामिल हुए होंगे, उनको भी पकड़ना चाहिए। छात्र जंतर-मंतर पर एक उद्देश्य के तहत आंदोलन कर रहे थे। यह प्रेस वार्ता छात्र आंदोलन को बदनाम करने के लिए की गई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब छात्रों ने समझौता किया था तो कहा गया था कि प्रदर्शनकारियों पर किसी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं होगा और मुआवजा दिया जाएगा लेकिन देश के कई राज्यों में प्रदर्शनकारी छात्रों पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

## अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा हैं शहीद उधम सिंहः उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ

### शहीदी दिवस पर उपायुक्त का आ´ान: राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यु-टर्न 31 जुलाई। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह का जीवन अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया और अपने बलिदान से आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रप्रेम का अमिट उदाहरण स्थापित किया।

उपायुक्त डॉ हरीश ने कहा कि 31 जुलाई केवल एक स्मरण का दिन नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों का आत्ममंथन करने का अवसर भी है। शहीद उधम सिंह का बलिदान हमें यह संदेश देता है कि मातृभूमि की रक्षा, सामाजिक एकता, न्याय और राष्ट्रीय सम्मान सर्वोपरि हैं। उनके विचार आज भी युवाओं को देशहित में ईमानदारी, साहस और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



□ उपायुक्त डॉ हरीश ने कहा कि 31 जुलाई केवल एक स्मरण का दिन नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों का आत्ममंथन करने का अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी अनगिनत वीर सपूतों के बलिदान का परिणाम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान के मूल्यों का सम्मान करे, राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाए और अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करे। शहीद उधम सिंह का त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## मोबाइल चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के 12 मोबाइल और बाइक बरामद



» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 31 जुलाई ।

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 12 चोरी के मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई 2026 को थाना सूरजपुर पुलिस टीम ने रेलवे लाइन के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान अरमान उर्फ गब्बर पुत्र मोहम्मद अय्युब निवासी लोहियानगर, मेरठ तथा साहिल उर्फ बेबे पुत्र युनुस निवासी विलासपुर, दनकौर (हाल निवासी राशिद कॉलोनी, सूरजपुर) के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उनके पास से विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए 12 मोबाइल फोन बरामद हुए। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उन्होंने अब तक किन-किन क्षेत्रों में मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है और क्या इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। आरोपी साहिल उर्फ बेबे के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अरमान उर्फ गब्बर का भी लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ गौतमबुद्धनगर के बीटा-2 और सूरजपुर थानों में चोरी, अवैध हथियार रखने, चोरी का सामान रखने तथा अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं। थाना सूरजपुर पुलिस का कहना है कि बरामद किए गए मोबाइल फोन के वास्तविक मालिकों की पहचान की जा रही है।

# प्रदेशवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : रणबीर गंगवा



» हरियाणा, यूटर्न/ 31 जुलाई

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग समयबद्ध एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण ही सुशासन की पहचान है और सरकार इसी भावना के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान तथा हर व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। रणबीर गंगवा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल विकास कार्य करवाना ही नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा तथा जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# डॉ. नेहा धवन द्वारा 51 पौधों का रोपण, हर वर्ष निभाती हैं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

संकल्प अतुलनीय धरा के तहत डॉ नेहा धवन ने हांसी में विभिन्न स्थानों पर किया पौधारोपण

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 31 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण एवं हरिभरी धरा पृथ्वी के भविष्य के संकल्प को साकार करते हुए भाजपा हरियाणा की प्रदेश प्रवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नेहा धवन पिछले 5 दिनों से पौधा रोपण का कार्य हांसी शहर के विभिन्न स्थानों पर कर रही है। डॉ धवन ने बताया कि उन्होंने अतुलनीय धरा संस्था एवं मेपल बी एजुकेशन सोसायटी के तहत 'संकल्प अतुलनीय धरा' के तहत ये कार्य शुरू किया है। वह हांसी ज़िला के साथ साथ हरियाणा के अन्य जिलों जहां भी उनका अगले 2 महीने प्रवास रहेगा इस संकल्प के तहत पौधा रोपण करेंगी। उन्होंने हांसी में अन्य संस्थाओं को भी अपने साथ लिया जिसमें शहीद उधम सिंह समाज कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक महंत सागर नाथ, शहीद भगत सिंह संगठन, ब्राह्मण सभा एवं रामा सिलाई सेंटर, डीएवी संस्था आदि हैं। यह पौधारोपण गुरुपूर्णिमा, शहीद उधम सिंह शाहिदी दिवस पर भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

डॉ. नेहा धवन ने बताया कि वह हर वर्ष नियमित रूप से पौधारोपण करती हैं और समाज के लोगों को भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करती हैं। हांसी के विभिन्न पार्कों में कई वर्षों से जो पौधे लगाए आज वो पेड़ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सचेंडी में जारी शिकायतों का निष्पक्ष और संतोष जनक निस्तारण

# इंस्पेक्टर दीनानाथ के नेतृत्व में कई गिरफ्तार

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 31 जुलाई। यहां पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधी अराजक तत्वों के खिलाफ सचेंडी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इस बीच हर तरह की आपराधिक घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए संबंधित अपराधियों को जेल भेजने में भी सफलता प्राप्त की गई है। साथ ही क्षेत्र में सघन गश्त, संदिग्धों की चेकिंग और उनकी धर पकड़ भी लगातार जारी है।

योगी सरकार की मंशा के अनुरूप सचेंडी में पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ लगातार जारी प्रभावी कार्यवाही के संदर्भ में यह भी अवगत कराते चलें कि आजकल चिनौती पूर्ण माने जाने वाले थाना सचेंडी की कमान सफलता पूर्वक संभाले इंस्पेक्टर दीना नाथ मिश्रा इसके पहले भी अपनी अब तक की पोस्टिंग वाले हर जनपद में पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के मामले में सदैव अग्रणी रहे हैं और अब कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा कठोर परिश्रम के साथ पीड़ितों के हित में अपराधियों के खिलाफ सचेंडी में भी लगातार सक्रिय है।

जहां तक प्रभारी निरीक्षक सचेंडी के रूप में तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर दीना नाथ मिश्रा की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है।

यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर दीना नाथ मिश्रा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपनी धुन के भी पक्के इंस्पेक्टर दीना नाथ मिश्रा ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

# श्री अग्रसेन यूथ एसोसिएशन (साया) का आज से सावन में पौधारोपण अभियान

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 जुलाई।** अग्रवाल धर्मशाला में श्री अग्रसेन यूथ एसोसिएशन (साया) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा साथ ही निर्णय लिया गया कि 1 अगस्त से 30 अगस्त तक पूरे सावन महीने में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा तथा लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में संस्था द्वारा सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया गया। बैठक में यह सुझाव भी रखा गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की गरीब कन्याओं के विवाह में संस्था सहयोग करेगी। साथ ही समाज में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से खेल प्रतियोगिताओं एवं टूर्नामेंटों के आयोजन का भी प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया।



# जयराम पब्लिक स्कूल की छात्रा ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित

» अश्विनी वालिया




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 जुलाई। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस प्रतियोगिता में जय राम पब्लिक स्कूल की नवमी कक्षा की छात्रा रूप प्रीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा के पोस्टर की मौलिकता, रचनात्मक और पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति की निर्णायकों ने सराहना की। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल और अन्य अध्यापिकाओं ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# 'वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर' : सुभाष सुधा

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 31 जुलाई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सीनियर सिटीजन फोरम, कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक आज सेक्टर-7 (अर्बन एस्टेट) स्थित कम्युनिटी सेंटर के स्वामी विवेकानन्द डेकेयर सेंटर में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पारंपरिक एवं पवित्र गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया।

बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा सरकार के पूर्व राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा ने डेकेयर सेंटर में शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि 'वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं'। उनका जीवनभर का अनुभव और मार्गदर्शन आने वाली पीढ़ियों तथा संपूर्ण समाज के लिए सबसे बड़ी पूंजी है।' उन्होंने फोरम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना भी की। 2002 से निरंतर समाज सेवा में तत्पर संस्था समारोह के दौरान संस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सीनियर सिटीजन फोरम की स्थापना अक्टूबर 2002 में हुई थी। इसके गठन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त श्री के. के. चौधरी जी की मुख्य प्रेरक भूमिका रही है। श्री चौधरी संस्था की स्थापना से लेकर आज तक निरंतर 'संस्थापक प्रधान' के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सदस्यों का कुशल मार्गदर्शन कर रहे हैं। डॉ के आर अनेजा ने डे केयर सेंटर में दो अउ लगाने की सुभाष सुधा जी से प्रार्थना की, डे केयर सेंटर में संस्थापित प्रधान के के चौधरी जी ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा जी को आयुर्वेद को प्रमोट करने के लिए प्रत्येक सप्ताह निशुल्क कैंप और निशुल्क दवाइयां कैंप लगाने की मांग की..

# स्कूल बस-वैन स्टाफ का पुलिस सत्यापन अनिवार्य करे दिल्ली सरकार: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने सिविल लाइंस क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के कथित यौन शोषण के मामले को बेहद गंभीर बताते हुए दिल्ली सरकार से सभी स्कूलों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू करने की मांग की है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि स्कूल बसों और निजी वैन के ड्राइवरों एवं हेल्परों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जाये तथा इस संबंध में शिक्षा निदेशालय, दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये जायें। श्री यादव ने कहा कि यह घटना बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के महीनों में दिल्ली में बच्चों और महिलाओं के खिलाफ कई गंभीर अपराध सामने आये हैं, जो सुरक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाते हैं।

वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में नाबालिगों के खिलाफ 1,404 आपराधिक मामले दर्ज हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक हैं।

उन्होंने मांग की कि सभी स्कूल कानूनी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें और बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी ड्राइवर या हेल्पर को स्कूल परिवहन से न जोड़ा जाये। श्री यादव ने कहा कि स्कूलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना और बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना दिल्ली सरकार, शिक्षा निदेशालय और दिल्ली पुलिस की साझा जिम्मेदारी है।

# धोती बनाम लोकतंत्र: जब असली हेडलाइन से ज्यादा चर्चा धोती की हो



संदीप शर्मा

भारतीय राजनीति में एक समय ऐसा था जब गृह मंत्री अपने कामों की वजह से चर्चा में रहते थे। आज वे अपने पहनावे की वजह से ट्रेंड कर सकते हैं। इस हफ़्ते, दिल्ली पुलिस द्वारा छात्र प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल के आरोपों से ज्यादा चर्चा अमित शाह की धोती की हुई। ऐसा लगा कि असली मुद्दा यह नहीं था कि दिल्ली की सड़कों पर क्या हुआ—बल्कि यह था कि गृह मंत्री ने किस तरह की धोती पहनी थी। 4.5 मीटर लंबे कपड़े के एक टुकड़े के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। कहीं न कहीं, पैलेट गन का मुद्दा चुपचाप खबरों से गायब हो गया और धोती प्राइम टाइम पर छा गई। टीवी एंकरों ने धोती की सिलवटों का विश्लेषण उतनी गंभीरता से किया, जितनी गंभीरता आमतौर पर संवैधानिक संकटों के समय दिखाई जाती है। इस बीच, विपक्ष यह पूछता रहा कि 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शनों के दौरान पैलेट गन के कथित इस्तेमाल पर गृह मंत्री चुप क्यों रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सबके सामने सवाल उठाया कि क्या किसी ने अमित शाह का मुँह सिल दिया है। मीडिया कवरेज को देखें तो लगता है कि असल में सिर्फ़ एक ही सिलाई मायने रखती थी—और वह थी गृह मंत्री की धोती की सिलाई। न्यूज मीडिया ने ध्यान भटकाने की कला में महारत हासिल कर ली है। अब हर विवाद के साथ कोई न कोई अतिरिक्त चीज (एक्सेसरी) जुड़ी होती है। जब मुश्किल सवाल उठते हैं, तो कोई वायरल क्लिप, कपड़ों से जुड़ी कोई गड़बड़, कोई नारा या कोई मीम खबरों के चक्र को बचाने के लिए आ जाता है। एल्गोरिदम को तमाशा पसंद है। अफसोस की बात है कि जवाबदेही पर उतने क्लिक नहीं मिलते। इसका मतलब यह नहीं है कि पहनावा जरूरी नहीं है। राजनेता हमेशा अपने पहनावे के जरिए अपनी बात कहते रहे हैं। गांधीजी की धोती (लंगोटी) थी। नेहरूजी की जैकेट थी। मोदीजी का ट्रेडमार्क हाफ-स्लीव कुर्ता है। प्रतीक मायने रखते हैं। लेकिन प्रतीक तब खतरनाक हो जाते हैं जब वे असल मुद्दों की जगह ले लेते हैं। कोई लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब नागरिकों को सरकार के जवाबों के बजाय नेता के पहनावे के बारे में ज्यादा जानकारी हो। राजनीति खुद एक ऐसे थिएटर जैसी हो गई है जहाँ परफॉर्मेंस से ज्यादा प्रॉप्स (सामान) की तारीफ होती है। विपक्ष चिल्लाता है। सत्ता पक्ष आपत्ति जताता है। स्पीकर दखल देते हैं। हेडलाइन बनती हैं। शाम तक, बहस विधायी जवाबदेही से हटकर कपड़ों पर टिप्पणी में बदल जाती है, और हर कोई यह मानकर घर लौटता है कि उन्होंने लोकतंत्र को काम करते देखा है। शायद यही भारत का नया संसदीय ड्रेस कोड है: अगर सवाल बहुत ज्यादा असहज हो जाएं, तो पॉलिसी बदलने से पहले बातचीत का विषय ही बदल दो। शायद यही बातचीत की नई रणनीति है। जब आपके कपड़े ही इंटरनेट पर जवाब दे सकते हैं, तो संसद में जवाब देने की क्या जरूरत है? धोती को आखिरकार तह करके रख दिया जाएगा। मीम्स गायब हो जाएंगे। हैशटैग्स की मियाद खत्म हो जाएगी। लेकिन पुलिस की कार्रवाई, संसद के प्रति जवाबदेही और असहज बहस के लिए कम होती जगह से जुड़े सवाल बने रहेंगे। तब तक, भारत का लोकतंत्र यह साबित करता रहेगा कि वायरल पॉलिटिक्स के दौर में, अक्सर शासन-व्यवस्था की खामियों से ज्यादा अहमियत धोती की सिलवट को दी जाती है।

# तीन तलाक कानून: आधी आबादी को डर से आजादी मिलने के निहितार्थ



**सख्त कानून बनने के बाद जमीनी आंकड़े पूरी तरह बदल गए। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, इस कानून के आने के बाद देश भर में तीन तलाक के मामलों में बयासी प्रतिशत से ज्यादा की भारी कमी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा साफ करता है कि कड़े कानून का समाज में एक गहरा असर हुआ है। पहले जहाँ बिना किसी ठोस वजह के रिश्ता खत्म कर दिया जाता था, वहाँ अब पुरुषों के मन में तीन साल जेल की सजा का डर बैठा है। महिलाओं को अब यह कानूनी भरोसा मिला है कि उनका घर और उनका आत्मसम्मान किसी की मर्जी का मोहताज नहीं है।**

दिलीप कुमार पाठक

देश की संसद ने जब एक झटके में तीन तलाक कहने की सदियों पुरानी प्रथा पर कानूनन रोक लगाई, तो उसे महज एक कानूनी दस्तावेज नहीं माना गया। वह देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के लिए एक नए सवेरे जैसी उम्मीद थी। हालांकि यह सोचना जरूरी हो जाता है कि जमीन पर इस कानून से कितना बड़ा बदलाव आया है और समाज में इसे लेकर पहले और अब की स्थिति में क्या अंतर आया है। यह बदलाव सिर्फ कानूनी पन्नों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर हमारे सामाजिक ताने-बाने और महिलाओं के बुनियादी मानवाधिकारों पर पड़ा है।



कानून बनने से पहले की हकीकत बेहद डरावनी थी। मुस्लिम महिलाओं के सिर पर हमेशा एक अदृश्य तलवार लटकी रहती थी। भारतीय मुस्लिम महिला आंदोलन के एक पुराने सर्वे के मुताबिक, करीब बाइस प्रतिशत मुस्लिम महिलाओं को यह भी पता नहीं होता था कि उनके शौहर ने उन्हें कब तलाक दे दिया। कोई फोन पर, कोई व्हाट्सएप मैसेज पर, तो कोई मामूली गुस्से में आकर तीन बार तलाक बोलकर सालों पुराना रिश्ता पल भर में तोड़ देता था। इसके बाद महिलाओं को बेसहारा छोड़ दिया जाता था और उनके पास न्याय मांगने का कोई रास्ता नहीं था। सरकारी रिकॉर्ड बताते हैं कि जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया, उसके बाद भी समाज में यह कुप्रथा रुकी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 में जब इस प्रथा को बैन किया, तो उसके पास दोषियों को सजा देने का कोई अधिकार नहीं था क्योंकि इसके लिए कोई लिखित कानून नहीं बना था। इसी वजह से अगस्त 2017 से लेकर दिसंबर 2017 के बीच केवल 4 महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों से तीन तलाक के 100 से ज्यादा नए मामले सामने आ गए। इसी बढ़ती संख्या को देखकर सरकार दिसंबर 2017 में संसद में सख्त सजा वाला कानून लेकर आई। तब सरकार ने कहा कि जब तक इस पर सख्त सजा का प्रावधान नहीं होगा, तब तक समाज का यह डर खत्म नहीं होगा। इसी के परिणामस्वरूप इस ऐतिहासिक कानून को मंजूरी मिली।

सख्त कानून बनने के बाद जमीनी आंकड़े पूरी तरह बदल गए। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, इस कानून के आने के बाद देश भर में तीन तलाक के मामलों में बयासी प्रतिशत से ज्यादा की भारी कमी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा साफ करता है कि कड़े कानून का समाज में एक गहरा असर हुआ है। पहले जहाँ बिना किसी ठोस वजह के रिश्ता खत्म कर दिया जाता था, वहाँ अब पुरुषों के मन में तीन साल जेल की सजा का डर बैठा है। महिलाओं को अब यह कानूनी भरोसा मिला है कि उनका घर और उनका आत्मसम्मान किसी की मर्जी का मोहताज नहीं है। वे अब बिना किसी मानसिक खौफ के सम्मान के साथ जी रही हैं। एक निष्पक्ष नजर डालें तो इस कानून को लेकर समाज में दो अलग-अलग तरह के विचार चलते हैं। कानून के समर्थकों का कहना है कि यह सामाजिक बराबरी और लैंगिक न्याय के लिए उठाया गया सबसे बड़ा कदम है। लेकिन इसके आलोचकों का एक व्यावहारिक सवाल यह भी है कि शादी और तलाक सिविल मामले हैं, इसलिए इसमें सीधे जेल की सजा देना पारिवारिक मामलों को और उलझा देता है। उनका तर्क है कि अगर शौहर तीन साल के लिए जेल चला जाएगा, तो वह जेल के भीतर से अपनी पत्नी और बच्चों के भरण-पोषण के लिए गुजारा भत्ता कैसे देगा। इससे कई बार महिला और उसके बच्चों के सामने आर्थिक संकट और गहरा हो जाता है। इन दोनों पक्षों के बीच अगर हम एक निष्पक्ष और सकारात्मक रास्ता तलाशें, तो यह साफ है कि किसी भी रूढ़िवादी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कानून का डंडा बेहद जरूरी होता है। इतिहास गवाह है कि सती प्रथा, दहेज प्रथा या बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं भी केवल समझाने-बुझाने से खत्म नहीं हुईं, उनके लिए भी कड़े कानून बनाने पड़े थे। यह कानून हमारी बेटियों को समाज में बराबरी और गरिमा से जीने का अधिकार देता है, जिसे सिर्फ राजनीति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

# नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान अब ब्रह्माकुमारीज के हाथों में!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

2 अगस्त को देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में ब्रह्माकुमारीज संस्था नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का आगाज कर रही है।इसी दिन देश मे भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ हो रहा है।

इस महाअभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय का मेडिकल विंग भारत सरकार के सहयोग से 6 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान आयोजित करेगा। ब्रह्माकुमारीज संस्था इस संकल्प और आंदोलन में एक प्रमुख आध्यात्मिक भागीदार के रूप में जुड़ गई है। देशभर के 10हजार स्थानों पर एक साथ इस 100 सप्ताह के जन-आंदोलन में एक करोड़ से अधिक युवा नशामुक्त भारत की शपथ लेंगे।ब्रह्माकुमारीज का लक्ष्य10 करोड़ प्रतिज्ञा पूरी कराने का है ,वह भी केवल 6 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य।इस अवधि में पूर्व मुख्य प्रशासिका प्रकाशमणि दादी की पावन स्मृति में ब्रह्माकुमारीज संस्था देश के 10 करोड़ नागरिकों को नशे से मुक्ति दिलाने की पहल करेगी।इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में मुफ़्त जागरूकता सत्र चलायें जाएंगे,साथ ही ध्यान, खेलकूद,



वॉकाथॉन, और नुक्कड़ नाटक आयोजित कर नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा।अभियान के दौरान प्रत्येक रविवार को नशे के खिलाफ जागरूकता वॉकथॉन, खेल गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक, कला प्रतियोगिताएं और राजयोग मेडिटेशन सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर जो संकल्प कराया जाएगा, वह निम्न प्रकार है, 'मैं यह शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं अपने जीवन में कभी भी किसी भी व्यसन का प्रयोग नहीं करूँगा/करुँगी और अपने परिवार, मित्रों और समाज को व्यसनों से बचाने का भरसक प्रयास करूँगा/करुँगी।' उत्तराखंड में इस अभियान की शुरूआत ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़े भाई बहनों के नशा मुक्ति संकल्प के साथ होगी।राजयोगिनी बीके मंजू दीदी के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज सब जोन क्षेत्र हिमाचल के नहान से लेकर सम्पूर्ण उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के नजीबाबाद तक इस अभियान को गति दी जाएगी।जिसका संचालन ब्रह्माकुमार सुशील भाई करेंगे,वही ब्रह्माकुमारी बहने प्रेरक की भूमिका में रहेगी।

# चिंतन-मनन: व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है।इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है।

हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है। उन्हें बदलने की जरूरत नहीं है, किंतु देशकाल सापेक्ष स्थितियों का देशकाल के बदलने के साथ न बदलना असफलता का मुख्य हेतु है। परिवर्तन के विषय में युवकों का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट होना चाहिए। बदलना अपने आप में कोई उद्देश्य नहीं है और नहीं बदलना कोई सार्थकता नहीं है। बदलने की स्थिति होने पर बदलना विकास की अनिवार्य प्रक्रिया है।

## बजाज फाइनेंस का एआई-आधारित विकास का लक्ष्य

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** बजाज फाइनेंस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और फिनटेक पर आधारित एक महत्वाकांक्षी विकास योजना का अनावरण किया है। कंपनी के एक अधिकारी के अनुसार, यह फिनएआई बदलाव अगले 12-18 महीनों में पूरा होगा, जो अगले 8-10 सालों के लिए जबरदस्त वृद्धि की नींव रखेगा। कंपनी वित्त वर्ष 27 तक 300 से अधिक एआई यूज केस लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत वित्त वर्ष 27 तक परिसंपत्तियों के तहत प्रबंधन (एयूएम) 6.3-6.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो अगले 10 वर्षों में 40 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। इससे भारत के कुल ऋण बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी लगभग 5 फीसदी रहेगी। कंपनी 20 क्षेत्रों में विस्तार करेगी, जिनमें 13 क्षेत्रों में वित्त वर्ष 30 तक मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। लक्ष्यों में वाणिज्यिक व एमएसएमई ऋण एयूएम क्रमशः 1.6 लाख करोड़ व 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना, 5.5 करोड़ नए ग्राहक, 17.5 करोड़ ऐप इंस्टॉल और 3.9 करोड़ सालाना बीमा पॉलिसियां शामिल हैं। कंपनी 2500 करोड़ का स्टार्टअप निवेश और आरएंडडी के लिए 250-400 करोड़ रुपये प्रतिबद्ध करेगी, साथ ही 4.5 लाख सोलर फाइनेंसिंग और वित्त वर्ष 30 तक 10 लाख ईवी फाइनेंसिंग के साथ सबसे बड़ी सोलर ऋणदाता बनने का लक्ष्य रखती है।

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें स्थिर रखीं, बाजार की चिंता बढ़ी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दरों को बिना किसी बदलाव के 3.50 फीसदी से 3.75 फीसदी के लक्षित दायरे में बरकरार रखा है, लेकिन केंद्रीय बैंक के मिले-जुले संदेशों और नए चेयरमैन केविन वॉर्श द्वारा पारंपरिक अग्रिम मार्गदर्शन प्रथा को छोड़ने से ब्याज दरों पर अनिश्चितता पैदा हो गई है, जिससे बाजारों में अस्थिरता का जोखिम बढ़ गया है। फेड के इस फैसले का तीन सदस्यों ने विरोध किया, जिसे विश्लेषकों ने दरें बरकरार रखते हुए आक्रामक रुख माना है, जिससे भविष्य में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना है। नए चेयरमैन केविन वॉर्श ने अग्रिम अनुमान की परंपरा छोड़ दी है, जिससे निवेशक अब फेड के अगले कदम के संकेतों के लिए आर्थिक आंकड़ों को खंगाल रहे हैं। कई जानकारों का मानना है कि इससे बाजार में तेजी से उतार-चढ़ाव हो सकता है। उपभोक्ता महंगाई दर (3.5 फीसदी) अभी भी फेड के 2 फीसदी लक्ष्य से काफी ऊपर है, जबकि अमेरिका-ईरान तनाव तेल की कीमतों पर दबाव बढ़ा रहा है। वॉर्श ने कीमतों पर दबाव बने रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी, पर तुरंत कदम उठाने का वादा नहीं किया।

## जेप्टो का आईपीओ टला, लिस्टिंग से पहले 1000 करोड़ जुटाएगी कंपनी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** क्विक कॉमर्स की अग्रणी कंपनी जेप्टो अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले करीब 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। हालांकि, इस बीच कंपनी ने अपने आईपीओ की समय-सीमा को टाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह प्री-आईपीओ फंडिंग राउंड कंपनी का मूल्यांकन लगभग 4.5 अरब डॉलर पर करेगा, जो पिछली फंडिंग के मुकाबले काफी कम है। जानकारी के अनुसार इस फंडिंग राउंड में भारतीय निवेशकों की अहम भूमिका रहने की संभावना है, जिसका मकसद कंपनी में भारतीय शेयरहोल्डिंग को मौजूदा 40 फीसदी से बढ़ाना है। जेप्टो पहले जुलाई 2026 में आईपीओ लाने की योजना बना रही थी, जिसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

# एप्पल लागत दबाव के बाद भी दूसरी स्मार्टफोन कंपनियों से कर सकता है बेहतर प्रदर्शनः एक्सपर्ट्स

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**



रिकॉर्ड जून तिमाही नतीजों के बाद इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि मजबूत इकोसिस्टम, बेहतर प्राइसिंग क्षमता और बेहतर ग्राहक आधार के दम पर एप्पल बढ़ती कंपोनेंट लागत के दबाव के बावजूद व्यापक स्मार्टफोन उद्योग की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम के अनुसार, एप्पल ने जून तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। आईफोन और मैक ने रिकॉर्ड राजस्व और मेमोरी लागत में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद मजबूत ग्रॉस मार्जिन ने कंपनी के नतीजों को सहारा दिया। राम ने कहा, 'एप्पल का मजबूत इकोसिस्टम, प्राइसिंग पावर और लॉयल ग्राहक आधार उसे एंड्रॉयड ओईएम कंपनियों पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देता है। वहीं, अधिकांश एंड्रॉयड निमार्ता बढ़ती कंपोनेंट लागत के बीच मार्जिन बचाने और बिक्री की मात्रा बनाए रखने की दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं।'

हालांकि, उन्होंने कहा कि इन्वेंट्री मैनेजमेंट और सप्लाई चेन दक्षता के जरिए बढ़ती मेमोरी लागत को संभालने की एप्पल की क्षमता अब सीमित होती जा रही है। साथ ही, सर्विसेज और ग्रेटर चाइना से होने वाली आय पर भी नजर बनाए रखने की जरूरत है।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा कि भारत में एप्पल ने एक और रिकॉर्ड राजस्व वाली तिमाही दर्ज की। मैक इस दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला उत्पाद रहा, जिसे मैकबुक नियो की मजबूत मांग का लाभ मिला। वहीं, सप्लाई बाधाओं के बावजूद आईफोन 17 सीरीज की मांग भी मजबूत बनी रही।

उन्होंने अनुमान जताया कि कैलेंडर वर्ष 2026 में भारत में एप्पल की बिक्री मात्रा में एकल अंक की वृद्धि होगी, जबकि मूल्य के लिहाज से दोहरे अंक की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मेमोरी कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के चलते आईफोन की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना काफी अधिक है। पाठक ने कहा, 'मजबूत ग्राहक आधार और सिरी एआई को मिली शुरुआती सकारात्मक प्रतिक्रिया के चलते एप्पल अपने प्रमुख हार्डवेयर उत्पादों की सभी श्रेणियों में उद्योग से बेहतर प्रदर्शन करने की स्थिति में है।' इस बीच, एप्पल ने जून तिमाही में 109.4 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। वहीं, प्रति शेयर डाइल्यूटेड आय 29 प्रतिशत बढ़कर 2.02 डॉलर पर पहुंच गई।

# विश्व के दवा नियामकों के बीच घनिष्ठ सहयोग चाहता है भारत : पीयूष गोयल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत दुनिया भर के दवा नियामक संस्थानों (मेडिसिन रेगुलेटर्स) के बीच घनिष्ठ सहयोग चाहता है।

उन्होंने कहा कि भारत के बढ़ते मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का नेटवर्क इस सहयोग को और मजबूती देगा, जिससे दुनिया भर के मरीजों को बेहतर गुणवत्ता वाली किफायती दवाएं तेजी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी और भारत वैश्विक फार्मास्युटिकल नवाचार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में दो दिवसीय 'ग्लोबल ड्रग रेगुलेटरी कॉन्क्लेव 2026' की शुरूआत हुई है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल नियामक मंच के रूप में आयोजित इस सम्मेलन में दुनिया के विभिन्न देशों के राष्ट्रीय दवा नियामक प्राधिकरणों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन भारतीय दवा उद्योग, वैश्विक नियामकों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा तथा अधिक सक्षम, नवाचार-आधारित और मरीज-केंद्रित वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके अनुसार, यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने के साथ-साथ भारत को वैश्विक फार्मास्युटिकल नवाचार केंद्र के रूप में और मजबूत करेगा। फार्मेक्सिल द्वारा आयोजित जीडीआरसी 2026 का मुख्य उद्देश्य भारत की दवा नियामक प्रणाली को और मजबूत बनाना है। सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत एक ऐसी आधुनिक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप दवा नियामक व्यवस्था विकसित कर रहा है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को गति देने के साथ-साथ मरीजों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के सर्वोच्च मानकों को भी सुनिश्चित करेगी। वहीं, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी ने कहा कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) अगले 18 महीनों के भीतर एंड-टू-एंड डिजिटल ड्रग रेगुलेटरी प्लेटफॉर्म का पहला चरण शुरू करेगा।

## महिंद्रा समूह अनिश्चितता के दौर में अपनाएगा आक्रामक रुख, वृद्धि को मिलेगी रफ्तार

**» मुंबई, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

महिंद्रा समूह अब वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में आक्रामक रवैया अपनाएगा, जिससे निवेश, नवाचार और क्रियान्वयन को गति मिलेगी। चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि अच्छी तैयारी वाली कंपनियों के लिए ये चुनौतियां बढ़त हासिल करने के अवसर पैदा करती हैं। आनंद महिंद्रा ने स्पष्ट किया कि आक्रामकता बेतहाशा गति नहीं, बल्कि तैयारी, आत्मविश्वास और क्षमता के साथ रणनीतिक गति बढ़ाना है। उन्होंने फॉर्मूला ई-रेसिंग का उदाहरण दिया, जहाँ अनिश्चित परिस्थितियों में भी तैयार ड्राइवर निर्णायक बढ़त बना सकता है। उन्होंने बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का मंथन अब दूसरे चरण में है, जहाँ आपूर्ति श्रृंखला, भू-राजनीति और व्यापार मॉडल में व्यवधान दीर्घकालिक पुनर्संरचना का हिस्सा हैं। महिंद्रा के अनुसार, भारत और समूह दोनों इन चुनौतियों से मजबूत उभरे हैं।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की पहली फ्लाइट-प्रूवन सैटेलाइट बैटरी को बताया 'शानदार', कहा- आयात पर कम होगी निर्भरता

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को भारत में स्वदेशी रूप से विकसित पहली 'फ्लाइट हेरिटेज' प्राप्त सैटेलाइट बैटरी की उपलब्धि पर हैदराबाद स्थित स्पेस स्टार्टअप टेकमी2स्पेस की सराहना की। कंपनी की 'पावरबैंक-50' बैटरी अंतरिक्ष में सफल प्रदर्शन के बाद यह प्रतिष्ठित दर्जा हासिल करने वाली देश की पहली स्वदेशी सैटेलाइट बैटरी बन गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस उपलब्धि को शानदार बताते हुए वित्त मंत्री ने लिखा, 'अब तक भारतीय सैटेलाइट निमार्ता इस महत्वपूर्ण कंपोनेंट को अधिक कीमत और लंबी प्रतीक्षा अवधि के साथ आयात करने को मजबूर थे।' यह उपलब्धि 18 जुलाई को लॉन्च किए गए स्काईरूट एयरोस्पेस के 'विक्रम-1' रॉकेट के पहले मिशन 'आगमन' के दौरान पावरबैंक-50 की सफल तैनाती के बाद हासिल हुई। इस बैटरी ने 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर रॉकेट के ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल में स्थापित कॉसमोसर्व स्पेस के प्रायोगिक पेलोड को ऊर्जा प्रदान की और पूरे मिशन के दौरान सफलतापूर्वक कार्य किया। टेकमी2स्पेस के अनुसार, इस सफल उड़ान के बाद बैटरी को 'फ्लाइट हेरिटेज' का दर्जा मिला है। अंतरिक्ष उद्योग में यह एक महत्वपूर्ण प्रमाणन माना जाता है, जो किसी कंपोनेंट के ऑर्बिट में सफल प्रदर्शन को प्रमाणित करता है।

## कर्नाटक के नीलम और तोतापुरी आमों का मालदीव के लिए पहली बार हवाई मार्ग से किया गया निर्यात, किसानों की बढ़ेगी आय

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

कर्नाटक के नीलम और तोतापुरी आमों का मालदीव के लिए पहली बार हवाई मार्ग से निर्यात किया गया है। इससे अंतरराष्ट्रीय आम बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई। मंत्रालय ने बताया कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने 30 जुलाई को हुए इस निर्यात में मदद की। यह निर्यात अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कर्नाटक की देर से पकने वाली आम की किस्मों को बढ़ावा देने और भारत की आम निर्यात बास्केट को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि कर्नाटक से मालदीव तक नीलम और तोतापुरी आमों की पहली एयर शिपमेंट को मुमकिन बनाने के लिए एपीडा को बधाई। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि कर्नाटक के आम उत्पादकों के लिए नए मौके खोलती है और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), एक्सपोर्टर्स और एग्री-एंटरप्रेन्योर्स की भागीदारी को बढ़ावा देती है, जिससे इंटरनेशनल मार्केट में उनकी मौजूदगी और मजबूत होगी।



# आईबीएम और सर्वम ने किया साझेदारी का ऐलान, भारत में एआई इकोसिस्टम को मिलेगी मजबूती

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**




दिग्गज अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम और भारतीय एआई स्टार्टअप सर्वम ने भारत में सॉवरेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों के विकास और अपनाने में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को साझेदारी का ऐलान किया। यह विशेष रूप से सरकारी एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों और विनियमित उद्यमों पर केंद्रित होगी।

इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां नागरिक सेवाओं, शिकायत निवारण, दस्तावेज प्रसंस्करण और प्रशासनिक कार्यप्रवाह (वर्कफ्लो) जैसे उपयोग मामलों के लिए सॉवरेन एआई तकनीकों को संयुक्त रूप से पेश करेंगी और पायलट परियोजनाएं संचालित करेंगी। यह सहयोग आईबीएम के विशेष रूप से सॉवरेन आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए गए एआई सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म 'आईबीएम सॉवरेन कोर' को सर्वम के 'इंडिया-फर्स्ट' सॉवरेन एआई स्टैक के साथ जोड़ेगा। सर्वम के इस एआई स्टैक में भारत में विकसित और प्रशिक्षित रीजनिंग मॉडल, बहुभाषी भाषा मॉडल और वॉयस एआई तकनीक शामिल हैं। दोनों कंपनियों का संयुक्त समाधान संगठनों को डेटा, गवर्नेंस, सुरक्षा और अनुपालन पर अधिक नियंत्रण बनाए रखते हुए भारत की नियामकीय और परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप एआई लागू करने में मदद करेगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### गाड़ी पार्क करने पर मकान मालिक से हुए विवाद में किसानों ने थाना घेरा

**खोड़ा, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** दुकान के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद और सुनवाई न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (गजय) के पदाधिकारियों ने खोड़ा थाने का बृहस्पतिवार को घेराव किया। नाराज पदाधिकारियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर जल्द कार्रवाई की मांग की। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कार पार्किंग विवाद के बाद मकान मालिक ने उनके कार्यकर्ता की दुकान पर ताला जड़ दिया और चौकी पर कार्यकर्ता बातचीत करने गया, तो वहां पर आरोपी पक्ष ने संगठन से गाली-गलौज की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजय ठाकुर ने बताया कि खोड़ा में उनके कार्यकर्ता जैद और आमिर ने सोनी यादव और शेरपाल यादव की दो दुकानें किराए पर ले रखी हैं। 23 जुलाई को जैद की कार दुकान पर खड़ी थी, इसे मकान मालिक ने हटाने के लिए कहा तो विवाद हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौच और मारपीट की।

### महिला से टप्पेबाजी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान महिला से टप्पेबाजी करने वाले तीन आरोपियों को बॉर्डर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। कब्जे से 3080 रुपये बरामद किए हैं। इस मामले में भागे हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि बॉर्डर थाने पर रेखा जैन निवासी प्रेम नगर कॉलोनी ने शिकायत दी थी कि चार जुलाई को वह दिल्ली-सहारनपुर मार्ग जौहरी एन्क्लेव मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी। उसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ टप्पेबाजी की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# कांवड़ यात्रा पर 1255 सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी पुलिस

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**



कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इन मार्गों पर 1255 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं और इनसे चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा कांवड़ियों के तीनों मार्गों को 157 बीट में बांटकर 56 अस्थाई पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। यहां से न केवल सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखी जाएगी। बल्कि सभी पुलिस चौकियों पर पवित्र गंगा जल भी रखा जाएगा। डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस टीम पूरी तरह से मुस्तैद हो गई है। जिले के तीनों कांवड़ मार्ग पर सशस्त्र बल की तीन कंपनियों के जवान तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 4500 पुलिसकर्मी और 750 यातायात कर्मी मौजूद रहेंगे। तीनों मार्गों पर 1255 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। हर 500 मीटर पर कैमरे लगाए जा रहे हैं और प्रत्येक शिविर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। जीटी रोड और मेरठ रोड पर जाम की समस्या को दूर करने के लिए अतिरिक्त यातायात कर्मियों की नियुक्ति की गई है। मेरठ मोड़, मोहन नगर, हापुड़ मोड़, साहिबाबाद समेत जाम वाले आठ स्थान चिन्हित किए गए हैं।

## कांवड़ यात्रियों की सहूलियत के लिए बनाए छह कंट्रोल रूम, 24 घंटे होगी निगरानी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने जिले में छह कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। इसके अलावा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सूचनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए दो विशेष कंट्रोल रूम भी 24 घंटे संचालित रहेंगे। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि यात्रा के सफल संचालन के लिए 11 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 108 सब मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ मार्गों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर, सिविल डिफेंस, डीवीएफ फोर्स और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी कंट्रोल रूम को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी छोटी-बड़ी सूचना या घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का महापर्व है। इसे सफल बनाने में प्रशासन, पुलिस, विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संगठनों और आमजन की सहभागिता महत्वपूर्ण है। श्रद्धालुओं से यातायात नियमों का पालन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील भी की गई है।

## बहन के ससुरालियों पर धारदार हथियार से हमले का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** प्रेम नगर कॉलोनी निवासी सलमान ने बहन के पति, जेठ और ससुर पर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। वह आरोपियों से बहन के साथ चल रहे विवाद में समझौता कराने परिवार के लोगों के साथ गए थे। आरोप है कि बहन को ससुरालियों ने दहेज में कार व 10 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर घर से निकाल दिया गया था। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके आरोपियों को नोटिस भेजा है।

सलमान निवासी प्रेम नगर कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने




अपनी बहन आयशा का निकाह मुस्तफाबाद कॉलोनी में रहने वाले वसीम के साथ करीब पांच साल पहले किया था। निकाह के बाद से सुसराल वाले बहन को दहेज कम लाने के लिए प्रताड़ित करते आ रहे हैं। पति व ससुराल के लोगों ने बहन को कार और दस लाख रुपये लाने के लिए कहा और उनके इन्कार करने पर घर से निकाल दिया। मामले में समझौता करने के लिए बहन के ससुर ने 29 जुलाई को उन्हें अपने घर पर बुलाया था। सलमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई व कई अन्य लोगों के साथ 29 जुलाई को बहन की ससुराल पहुंचे। वहां पर बहनोई और उसके भाई व पिता ने उन मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें उन्हें और भाई इमरान व शानू बिलाल दानिया चोट से घायल हो गए।

## होटल मालिक से 25 लाख रुपये की रंगदारी, 60 हजार रुपये वसूले

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** मसूरी थाना क्षेत्र में एक होटल मालिक से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और 60 हजार रुपये जबरन वसूलने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर दो नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि पीड़ित अमित भार्गव के मुताबिक उनके पिता कैलाश चंद शर्मा शास्त्री नगर में ट्रॉन्ट नाम का एक होटल चलाते हैं। पड़ोस में रहने वाले अर्जुन यादव और उसकी माता ललिता यादव होटल चलाने के नाम पर अवैध धन की मांग करते हैं। उनके पिता ने पहले भी इन दोनों के खिलाफ कविनगर थाने में रंगदारी और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि दो जून 2026 की रात करीब सवा नौ बजे अमित अपने दोस्त बबलू यादव के साथ मसूरी से नाहल जा रहे थे। रास्ते में बाइक पर आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका। आरोपियों ने अमित से कहा कि अगर जीवित रहना है तो अर्जुन यादव और उसकी माता को 25 लाख रुपये दे दो। उन्होंने अमित से 60 हजार रुपये छीन लिए और बाकी रकम अर्जुन व ललिता को देने को कहा। वह मसूरी थाने गए, लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तीन जून 2026 को अमित ने पुलिस आयुक्त को भी प्रार्थना पत्र दिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर अमित ने न्यायालय की शरण ली। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर 30 जुलाई को मसूरी थाने में अर्जुन यादव, ललिता यादव और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रंगदारी, आपराधिक साजिश और आपराधिक धमकी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## एमएमजी अस्पताल में तीन वर्षीय बच्ची की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** एमएमजी अस्पताल में इलाज के दौरान तीन वर्षीय बच्ची रिनिया की मौत हो गई। इलाज कर रहे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन उपाध्याय ने बताया कि बच्ची कुपोषित थी, उसे 27 तारीख को उल्टी-दस्त होने पर भर्ती किया गया था। बच्ची को सेप्टीसीमिया (खून में गंभीर संक्रमण) की भी परेशानी थी। डॉ. विपिन ने बताया कि विजय नगर क्षेत्र के अब्दुल हमीद कॉलोनी निवासी शकील की बेटी रिनिया के उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई थी, लेकिन एहतियात के तौर पर उसे एक दिन और निगरानी में रखा गया था। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 8:10 बजे अचानक तबीयत फिर से बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। बच्ची के पिता शकील ने बताया कि जिस दिन बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उस दिन उसकी हालत चिंताजनक थी। लेकिन दवा देने के बाद शाम तक उसकी तबीयत में सुधार हुआ था। बुधवार को वह बिल्कुल ठीक थी और डॉक्टर ने उसे अगले दिन सुबह छुट्टी देने की बात भी कही थी। लेकिन बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 7:50 बजे उसे सांस लेने में अत्यधिक दिक्कत होने लगी।

## सील तोड़कर दुकानों को खोलने वाले आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** जीडीए की ओर से लगाई गई सील तोड़कर शालीमार गार्डन में आठ लोगों ने दुकानें खोलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सील तोड़ने वालों के खिलाफ शालीमार गार्डन थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता जीडीए अखिल मिश्रा ने बताया कि बिना शालीमार गार्डन स्थित भूखंड बी-258 पर बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण किया गया था। छह नवंबर 2025 को दुकानों को सील कर दिया गया था और दूसरे ही दिन सील तोड़कर दुकानों का संचालन शुरू कर दिया। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर चौधरी छोटन, राहुल, निशा, धर्मेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह, सलगम, समीर और शाहिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बिल जमा नहीं करने पर साढ़े तीन हजार उपभोक्ताओं की बत्ती गुल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई**

ऊर्जा निगम ने बकाया बिल जमा नहीं करने वाले साढ़े तीन हजार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बृहस्पतिवार को काट दिए। इन उपभोक्ताओं पर निगम का तीन करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। काटे गए कनेक्शनों में से 1800 स्मार्ट मीटर वाले थे। फिलहाल, 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों पर कार्रवाई की गई है। इससे कम बकाये वालों के खिलाफ भी कनेक्शन काटने की तैयारी हो चुकी है। शुक्रवार को 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की योजना है। ये उपभोक्ता अगर 24 घंटे के भीतर बिल जमा नहीं करते हैं तो बिजली गुल कर दी जाएगी।

ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कविनगर, राजनगर गोविंदपुरम, बहरामपुर, प्रताप विहार, नेहरूनगर, गांधीनगर और लालकुआं जैसे इलाकों में कनेक्शन काटे गए हैं। उपभोक्ताओं को बकाया जमा करने के लिए लगातार फोन भी किए जा रहे थे। सामान्य मीटर वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन लाइनमैन खुद पहुंचकर काट रहे हैं। वहीं, स्मार्ट मीटर वाले कनेक्शन



स्वचालित रूप से कट गए। स्मार्ट मीटर धारकों के बिल जमा करते ही आपूर्ति तुरंत शुरू हो जाएगी, जबकि सामान्य मीटर वालों को लाइनमैन को सूचित करना होगा।

### ईंधन अधिभार में कमी से लाभ

ऊर्जा निगम ने इस बार ईंधन अधिभार में 2.92 फीसदी की कमी की है। अगस्त में उपभोक्ताओं को मिलने वाले बिलों में यह राशि घटाकर भेजी जाएगी। निगम ने लगातार दूसरी बार ईंधन अधिभार में कमी की है। इससे उपभोक्ताओं को सवा 13 करोड़ रुपये का फायदा होगा। मुख्य अभियंता पवन अग्रवाल ने बताया कि साढ़े 11 लाख उपभोक्ताओं को इस कमी से लाभ होगा।

## सावन में फलों की बढ़ी मांग, केला-सेब के दाम चढ़े

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** सावन माह की शुरूआत के साथ ही फलों की मांग बढ़ने लगी है। व्रत और पूजा-पाठ के कारण मंडियों और फुटकर बाजारों में केला, सेब, अमरूद सहित अन्य फलों की खरीदारी तेज हो गई है। बढ़ती मांग का असर कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है। फल कारोबारियों का कहना है कि सावन में बड़ी संख्या में लोग व्रत रखते हैं, इसके चलते फलों की खपत सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। सबसे अधिक मांग केला, सेब और अमरूद की बनी हुई है। वहीं, आम विक्रेता सतीश का कहना है कि आम का सीजन समाप्ति की ओर होने के बावजूद मांग बनी हुई है। मंडी में आम 60-70 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है और खुदरा बाजार में 120-150 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। दुकानदार अनिल ने बताया कि पपीता 40-45 रुपये किलोग्राम बिक रमा है। यदि आवक सामान्य रही तो कीमतों में अधिक बढ़ोतरी नहीं होगी। दूसरी ओर, खरीदार सोनम का कहना है कि धार्मिक आस्था के कारण बढ़ी कीमतों के बावजूद फल खरीदने पड़ रहे हैं।

## दो घरों के चिराग एक साथ बुझे: पति के बाद इकलौते बेटे का सहारा भी छिना, इरशाद को लिया था गोद; दो दोस्तों की मौत

**लोनी, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** हरियाणा के मुरथल में जन्मदिन मनाकर लौट रहे छह दोस्तों को खुशियां मातम में बदल गई। बृहस्पतिवार तड़के दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागपत स्थित ट्योढ़ी गांव के पास उनकी सेंट्रो कार पंचर होने के बाद सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकराने से लोनी के दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस के अनुसार, लोनी निवासी इरशाद का बुधवार को जन्मदिन था। वह लोनी में रहने वाले अपने दोस्तों रिहान, राजा और साहिल के साथ बागपत पहुंचा था। यहां से बूढ़पुर निवासी दो अन्य दोस्तों नईम और सागर को साथ लेकर वे मुरथल में जन्मदिन की पार्टी मनाने गए। पार्टी के बाद सभी वापस लौट रहे थे।

तड़के करीब चार बजे उनकी कार के सामने अचानक एक वाहन आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान कार का टायर भी पंचर हो गया और वह सड़क किनारे खड़ी पिकअप से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आगे की सीट पर बैठे इरशाद (27) और रिहान (24) की मौके पर ही मौत हो गई। औद्योगिक चौकी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव कार से बाहर निकाले। चारों घायलों को पहले जिला अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि इरशाद के चाचा इकराम की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बड़ौत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। नईम और उसके दोस्त सागर का लोनी आना-जाना लगा रहता था। वहीं उनकी दोस्ती रिहान और इरशाद से हुई थी।

लोनी के बबलू गार्डन कॉलोनी निवासी रिहान व इरशाद घर से कहकर निकले थे कि सुबह तक लौट आएंगे, लेकिन करीब पांच बजे बागपत पुलिस का फोन उनके घर पहुंचा। पहले दोनों के घायल होने की सूचना दी गई और परिजनों को जीटीबी अस्पताल बुलाया गया। वहां पहुंचने पर उन्हें दोनों की मौत की जानकारी मिली। यह खबर सुनते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। रिहान मूल रूप से संभल जिले का रहने वाला था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



# साई पल्लवी की सादगी की मुरीद हैं निहारिका एनएम, तब्बू और श्रीदेवी को भी बताया अपनी प्रेरणा

सोशल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन की दुनिया से फिल्मों तक का सफर तय करने वाली अभिनेत्री निहारिका एनएम ने अभिनेत्री साई पल्लवी को अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस बताया। उन्होंने कहा कि साई पल्लवी की सादगी, शानदार अभिनय और व्यक्तित्व उन्हें हमेशा प्रेरित करता है।

आईएएनएस से खास बातचीत में निहारिका एनएम ने कहा, 'साई पल्लवी उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें मैं लंबे समय से पसंद करती हूं। उनकी सादगी, खूबसूरती और अपने काम के प्रति समर्पण उन्हें सबसे अलग बनाता है। वह मुझे हमेशा प्रेरित करती हैं।'

निहारिका ने कहा, 'साई पल्लवी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उन्होंने बिना किसी बनावटी छवि के दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है और यही बात मुझे बेहद पसंद आती है। मेरा मानना है कि आज के समय में ऐसे कलाकार बहुत कम हैं जो अपनी सादगी और स्वाभाविक अंदाज से लोगों का दिल जीतते हैं।'

साई पल्लवी के अलावा निहारिका ने बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने तब्बू को सदाबहार कलाकार बताते हुए कहा, 'वह आज भी अपनी अभिनय क्षमता से हर किरदार में जान डाल देती हैं। उनकी एक्टिंग और डांस दोनों ही शानदार हैं और वह हर पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा हैं। श्रीदेवी भी भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक रहीं।'

बातचीत के दौरान निहारिका ने अपनी नई फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म से जुड़ने का सबसे बड़ा कारण इसकी कहानी थी। जब मैंने पहली बार फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे यह काफी मजेदार लगी। मैंने महसूस किया कि यह ऐसी फिल्म है, जिसे मैं खुद भी एक दर्शक के रूप में देखना पसंद करूंगी। इसलिए मैंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कह दी।'

फिल्म में अभिनेता और डांसर राघव जुयाल के साथ काम करने के अनुभव को याद करते हुए निहारिका ने कहा, 'राघव के साथ काम करना ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन दोनों ही जगह बहुत मजेदार रहा। जो सीन पर्दे पर दो-तीन सेकेंड का दिखाई देता है, उसे शूट करने में कई घंटे लग जाते हैं। ऐसे में उनकी एनर्जी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।' विवेक बी. अग्रवाल के निर्देशन में बनी 'भाई तेरा स्टार है' में राघव जुयाल, संजय कपूर, बरखा सिंह, चंदन रॉय सान्याल, विवान भटेना और विकल्प मेहता जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।



# बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का खौफ भूले नहीं है कुमार शानू

एक समय ऐसा था जब बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का बोलबाला था, और ऐसे माहौल में किसी भी एक्टर को अंडरवर्ल्ड का खौफ हर समय सताता था। हाल ही में उस दौर के बारे में बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने खुलकर बात की है। कुमार सानू ने बताया कि यह वह समय था जब उन्हें दुबई में एक प्राइवेट पार्टी में अंडरवर्ल्ड डॉन के सामने परफॉर्म करना पड़ा था। कुमार सानू के अनुसार, यह उनके करियर का सबसे डरावना अनुभव था, जब उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर बहुत ज्यादा डर लग रहा था। कुमार सानू ने उस दौर को याद करते हुए बताया कि उस समय हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर कथित तौर पर अंडरवर्ल्ड का काफी गहरा असर था। एक पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उन्होंने याद किया कि ऐसे अनुरोधों को उस समय मना करना खतरों से खाली नहीं था। इंडस्ट्री में हर कोई डर के साए में जीता था और किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति की बात को टालना भारी पड़ सकता था। उन्होंने उस समय के माहौल को याद करते हुए बताया कि उन सालों में इंडस्ट्री में काफी अलग ही माहौल था और उन्हें बहुत डर लग रहा था, क्योंकि एक अलग ही सिस्टम चल रहा था। होस्ट ने उनसे पूछा कि वह समय इतना खतरनाक था कि म्यूजिक इंडस्ट्री के इतने फेमस पर्सनैलिटी होने के बावजूद गुलशन कुमार जैसे व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया गया था। इस पर कुमार सानू ने सहमति जताते हुए बताया कि वह इस डर और बात को बखूबी समझ सकते हैं। उन्होंने कुछ इवेंट्स में ऐसे माहौल को देखा है और यही वजह है कि वह चाहकर भी ऐसे इवेंट्स में परफॉर्म करने से मना नहीं कर पाए। वह जानते थे कि किसी भी तरह से मना करना उनकी जान के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे अनुरोधों को ऐसे में हां कहना ही सबसे प्रैक्टिकल और सुरक्षित ऑप्शन होता था, भले ही अंदर से कितना भी डर क्यों न हो। उन्होंने बताया कि उस वक्त यह सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं, बल्कि जान बचाने की जंग थी। जब उनसे आगे पूछा गया कि आखिर उन्होंने खुद को ऐसे मुश्किल वक्त में कैसे संभाला, तो प्लेबैक सिंगर ने बताया कि इनमें से कुछ प्रभावशाली लोगों से उनकी अच्छी दोस्ती हो गई थी, जिन्होंने उन्हें यह भरोसा दिया कि अगर कोई मुश्किल आई तो वह उनकी सुरक्षा और मदद भी देंगे। कुमार सानू के मुताबिक, उन्होंने इसके बावजूद ऐसे लोगों से दूरी ही रखी और कभी भी उनके दखल को अपनी ज़िंदगी में बढ़ावा नहीं दिया।


# अब घरेलू क्रिकेट में क्वींसलैंड की ओर से खेलेंगे जम्पा

» सिडनी, यूटर्न/ 31 जुलाई।

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा अब घरेलू क्रिकेट में क्वींसलैंड की ओर से खेलेंगे। अब तक वह न्यू साउथ वेल्स की ओर से खेलते आये थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। जम्पा ने ये कदम अपनी ट्रेनिंग सुविधाओं के करीब रहने के लिए उठाया है। क्वींसलैंड की राजधानी ब्रिस्बेन में अभ्यस स्थल उनके घर के करीब है। टीम में बदलाव से उनके घरेलू क्रिकेट करियर में एक नया अध्याय जुड़ेगा। इससे उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन स्थापित होगा।

जम्पा के लिए क्वींसलैंड उनके घरेलू करियर की तीसरी राज्य टीम होगी। इससे पहले उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की ओ से सात साल खेला था। इसके बाद वह न्यू साउथ वेल्स चले गए थे। इस अनुभवी स्पिनर के होने से टीम को बढ़त मिलेगी। अब वह क्वींसलैंड की ओर से खेलते हुए मार्नस लाबुशेन, माइकल नेसर और जेवियर बार्टलेट जैसे राष्ट्रीय स्तर पर अनुबंधित खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे, जिससे टीम की गहराई और अनुभव दोनों में वृद्धि होगी। उनका आगमन शामिल होने से क्वींसलैंड का स्पिन आक्रमण भी बेहतर होगा।।

क्वींसलैंड क्रिकेट के जनरल मैनेजर हाई परफॉर्मेंस, बेनेट किंग ने जम्पा के टीम में





आने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा, हमें बेहद खुशी है कि एडम जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी हमारे साथ जुड़े हैं। उनका अनुभव, खेल की समझ और शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने की क्षमता निस्संदेह हमारे युवा खिलाड़ियों और समग्र ग्रुप को बड़ा फायदा पहुंचाएगी। किंग ने यह भी कहा कि वे भविष्य में भी जम्पा को ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के उनके लक्ष्यों को पूरा करने में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, जम्पा के रेड-बॉल क्रिकेट में भविष्य को लेकर कुछ सवाल बने हुए हैं। पिछले दो सीजन में, उनकी अंतर्राष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण उन्होंने केवल दो घरेलू मैच खेले हैं, और पिछले तीन सीजन में तो उन्होंने सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है।

# स्टीफन फ्लेमिंग से कभी मिला नहीं, लेकिन उनके बारे में अच्छी बातें सुनी हैं: ओली रोबिन्सन

» लंदन, यूटर्न/ 31 जुलाई।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को अपना नया टेस्ट हेड कोच नियुक्त किया है। फ्लेमिंग की नियुक्ति को लेकर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन का कहना है कि उन्होंने फ्लेमिंग के बारे में काफी अच्छी बातें सुनी हैं।

टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रही इंग्लैंड टीम को फिर से ट्रैक पर लाने की जिम्मेदारी फ्लेमिंग के कंधों पर होगी। हाल ही में बेन स्टोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया, जिसके बाद जो रूट को इंग्लैंड टीम का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, ब्रेंडन मैकुलम को भी टेस्ट में हेड कोच के पद से हटाया गया है। इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में 2-1 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी।

रोबिन्सन ने 'द आई पेपर' के साथ बातचीत करते हुए कहा, 'किसी नए व्यक्ति का आना हमेशा कुछ नया और दिलचस्प होता है। मैं स्टीफन फ्लेमिंग से कभी मिला नहीं हूं, लेकिन मैंने उनके बारे में अच्छी बातें सुनी हैं। इसी वजह से यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। यह रोमांचक होगा।'

इंग्लिश तेज गेंदबाज ने आगे कहा, 'जब भी कोई बदलाव होता है, तो यह देखना हमेशा रोमांचक होता है कि चीजें कैसी होंगी और ग्रुप कैसे आगे बढ़ेगा। आखिरकार, मकसद क्रिकेट मैच जीतना ही होता है। मुझे लगता है कि शायद हम उस मकसद से थोड़ा भटक गए थे, लेकिन





मैकुलम और बेन के साथ खेलना बहुत मजेदार और सुखद था। दुख की बात है कि वह दौर खत्म हो गया, लेकिन मैं उत्साहित हूं कि कोई नया व्यक्ति आ रहा है।' 19 अगस्त से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी टेस्ट सीरीज में वापसी की उम्मीद कर रहे रोबिन्सन ने माना कि स्टोक्स के अचानक रिटायरमेंट से ड्रेसिंग रूम हैरान रह गया था।

'मुझे लगता है कि जब उन्होंने रिटायरमेंट लिया तो हम सभी सचमुच थोड़े हैरान थे। मुझे बहुत दुख हुआ क्योंकि मुझे उनकी कप्तानी में और उनके साथ खेलना बहुत पसंद था। और अब ब्रेंडन मैकुलम भी चले गए हैं। जाहिर है कि उन्होंने कहा कि उन्हें मनचाहे नतीजे नहीं मिले, लेकिन उन दोनों के नेतृत्व में खेलना बहुत शानदार अनुभव था। यह अफसोस की बात है, लेकिन मुझे लगता है कि इंग्लिश क्रिकेट में ऐसा होता रहता है। मेरी पहली एशेज सीरीज क्रिस सिल्वरवुड की आखिरी सीरीज थी (2021-22 में कोच के तौर पर)। ऐसे दौर आते हैं जब बदलाव होता है और आप फिर से नई शुरूआत करते हैं।'

रोबिन्सन ने जून में लॉर्ड्स में सात विकेट लेकर शानदार वापसी की थी, लेकिन घुटने में दर्द के कारण अगले दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे। अब वह पाकिस्तान सीरीज से पहले अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने के लिए इंग्लैंड की मेडिकल टीम और क्रिकेट डायरेक्टर रॉब की के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 'सीजन की शुरूआत में मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं इंग्लैंड की टीम में वापस आ पाऊंगा। मुझे पता था कि अपनी मनचाही स्थिति में पहुंचने के लिए मुझे थोड़ी मेहनत करनी होगी, इसलिए मैंने अपनी फिटनेस और मजबूती पर काम करने के लिए चार हफ्ते का समय लिया। इसमें काफी दौड़ना और बाइक सेशन शामिल थे। मैं इस पर इंग्लैंड के साथ मिलकर काम कर रहा हूं।' तेज गेंदबाज ने आगे कहा, 'उन्होंने मेरे लिए एक प्रोग्राम और शेड्यूल तय किया है। यह अच्छा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में रॉब के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई है। मुझे बस पाकिस्तान सीरीज के लिए खुद को सबसे अच्छी फिजिकल कंडीशन में लाना है और उम्मीद है कि मेरा चयन हो जाएगा। लॉर्ड्स वाला मैच जबरदस्त था। सच कहूं तो वापसी के लिए वह एकदम सही पिच थी। मुझे लगता है कि वहां किस्मत ने भी मेरा थोड़ा साथ दिया।

## फटाफट खबरें

### ट्रंप ने हमास के निशस्त्रीकरण के ऐतिहासिक समझौते का किया ऐलान

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में हमास और अन्य सभी सशस्त्र समूहों के निशस्त्रीकरण के एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समझौता संघर्ष को खत्म करने और उस इलाके में एक नई फिलिस्तीनी सरकार का गठन करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर गुरुवार को घोषणा करते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि यह समझौता उनकी अध्यक्षता वाले 'इंटरनेशनल बोर्ड ऑफ पीस' द्वारा किया गया है और इसे सावधानीपूर्वक तैयार किए गए चरणों में लागू किया जाएगा। श्री ट्रंप ने लिखा, 'आज, 'इंटरनेशनल बोर्ड ऑफ पीस' ने गाजा में हमास और अन्य सभी हथियारबंद गुटों के पूरी तरह से निशस्त्रीकरण के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर सहमति बनाई है। यह स्थायी शांति और सुरक्षा की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है।'

### ट्रंप ही ईरान युद्ध से जुड़े सभी निर्णय ले रहे हैं : नेतन्याहू

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़े सभी निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही ले रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान फिर से शुरू करने के लिए श्री ट्रंप पर दबाव बनाने संबंधी रिपोर्टों को खारिज कर दिया। श्री ट्रंप ने हालांकि ईरान के साथ कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह असंभव है या नहीं, लेकिन मैं ईरान की कार्यशैली को लेकर आशंकित हूं। वे हमेशा झूठ बोलते हैं, धोखाधड़ी करते हैं और समय बीतने का इंतजार करते हैं। क्या पर्याप्त कूटनीतिक और आर्थिक दबाव के जरिए इसे बदला जा सकता है? इसका प्रयास किया जा सकता है।' श्री नेतन्याहू ने पुष्टि की कि व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई बैठक के बाद श्री ट्रंप ही अमेरिका-इजरायल गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब युद्ध के छठे महीने में प्रवेश करने के साथ दोनों नेताओं के बीच संबंधों में कुछ तनाव देखा गया है। श्री नेतन्याहू ने कहा, 'सच्चाई यह है कि हम साझेदार हैं, हम सहयोगी हैं। वह वरिष्ठ साझेदार हैं।

### भारत समेत चार देशों की छह कंपनियों पर लगा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चीन, भारत, रूस और ईरान की छह कंपनियों एवं व्यक्तियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि ये संस्थाएं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आईआरजीसी और उसकी पसंदीदा एयरलाइन महान एयर को सहायता पहुंचा रही थीं। वाशिंगटन ने इसे आईआरजीसी की सैन्य और कथित आतंकवादी गतिविधियों को कमजोर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## अमेरिका का हथियार भंडार खाली! 58 अरब डॉलर की पैट्रियट मिसाइलें बनाने का दिया आर्डर

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** यूक्रेन-रूस युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और अब ईरान युद्ध ने अमेरिकी हथियार भंडार को खाली कर दिया है। ट्रंप प्रशासन ने मिसाइलों का गोदाम भरने के लिए दुनिया के रक्षा इतिहास का सबसे बड़ा ऑर्डर देने का फैसला किया है। ट्रंप प्रशासन ने पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए 58.6 अरब डॉलर तक का कॉन्ट्रैक्ट लॉकहिड मार्टिन को दिया है। इसके तहत 2032 तक भारी संख्या में मिसाइलों का प्रोडक्शन किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सेना ने गुरुवार को बताया कि इस नए ऑर्डर के जरिए अप्रैल में हुए 4.7 अरब डॉलर के एक साल के कॉन्ट्रैक्ट को सात साल के फ्रेमवर्क एग्रीमेंट में बदल दिया गया है। यह एग्रीमेंट 2026 से 2032 तक के फाइनेंशियल ईयर के लिए है। इस कदम का मकसद पैट्रियट एडवांस्ड कैपेबिलिटी-3 मिसाइल सेगमेंट एन्हांसमेंट इंटरसेप्टर का प्रोडक्शन बिजली की रफ्तार से बढ़ाना है जो अमेरिका के एयर डिफेंस नेटवर्क का एक अहम हिस्सा है। अमेरिका ने यूक्रेन और इजराइल को हथियारों की सप्लाई की है और ईरान युद्ध में भी भारी संख्या में मिसाइल इंटरसेप्टर्स का इस्तेमाल किया है।



## बांग्लादेश में अप्रैल-जून के बीच हिंसा में 74 लोगों की मौत, पिटाई और राजनीतिक झड़पें बनीं बड़ी वजह

**» ढाका, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

बांग्लादेश में अप्रैल से जून 2026 के बीच भीड़ की हिंसा और राजनीतिक संघर्षों में कुल 74 लोगों की मौत हुई। ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन अधिकार की तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान 33 लोगों की मौत भीड़ के हमलों में हुई, जबकि राजनीतिक हिंसा में 41 लोगों की जान गई और 970 लोग घायल हुए।

रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ द्वारा मारे गए अधिकांश लोगों पर चोरी या डकैती का संदेह था। कुछ लोगों की हत्या गांवों में होने वाली अनौपचारिक पंचायतों (सलिश) के दौरान या धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में की गई। संगठन ने कहा कि यह स्थिति कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर लोगों के घटते भरोसे को दर्शाती है, जिसके कारण लोग खुद कानून हाथ में ले रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि इस अवधि में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के भीतर आपसी संघर्ष की 57 घटनाएं दर्ज हुईं, जबकि नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) में दो घटनाएं सामने आईं। बीएनपी की अंदरूनी गुटबाजी में चार लोगों



की मौत हुई और 400 लोग घायल हुए, जबकि एनसीपी के आंतरिक संघर्ष में 16 लोग घायल हुए। रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी के भीतर विवाद जबरन वसूली, क्षेत्रीय वर्चस्व, खुदाई की मिट्टी की बिक्री, स्थानीय चुनाव टिकट, पार्टी सम्मेलन और राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर थे। कई घटनाओं में आग्नेयास्त्र और अन्य घातक हथियारों का इस्तेमाल भी किया गया। मानवाधिकार संगठन ने आरोप लगाया कि बीएनपी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर जबरन वसूली, जमीन कब्जाने, अपहरण, दुष्कर्म, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों पर हमले, पुलिस के काम में बाधा डालने और राजनीतिक विरोधियों पर हमले जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर भी चिंता जताई गई है। अप्रैल-जून के दौरान 255 दुष्कर्म पीड़ितों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जिनमें 93 महिलाएं और 161 लड़कियां शामिल थीं। संगठन ने कहा कि डीएनए जांच की सीमित सुविधा, मेडिकल रिपोर्ट में देरी, पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा का अभाव तथा अदालतों में लंबित मामलों के कारण दुष्कर्म पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## फोटो स्टोरी




**नाइजीरिया में अवैध हथियारों को नष्ट करते हुए नेशनल सेंटर फॉर कंट्रोल ऑफ स्माल आर्म्स संगठन से जुड़े कर्मचारी।**

## रूसी मिसाइल पोलैंड में गिरते ही नाटो हुआ हाई अलर्ट

**वारसॉ, यूटर्न/ 31 जुलाई ।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का असर अब पड़ोसी देशों तक पहुंचने लगा है। गुरुवार तड़के नाटो सदस्य देश पोलैंड के हवाई क्षेत्र में एक रूसी मिसाइल के प्रवेश कर गिरने से पूरे यूरोप में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। घटना के बाद नाटो और पोलैंड ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी तथा एफ-16 लड़ाकू विमानों, हवाई ईंधन आपूर्ति विमानों और अर्ली वॉर्निंग एयरक्राफ्ट को तैनात कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इसे क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी माना जा रहा है। पोलैंड के पूर्वी गांव तरनावा-कोलोनिया में गिरी मिसाइल से एक बड़ा गड्ढा बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह मिसाइल रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए एक बड़े हवाई हमले का हिस्सा थी। उसी रात रूस ने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन के कई इलाकों को निशाना बनाया। इस हमले में बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक नागरिक घायल हुए।

## बलूचिस्तान की कोयला खदान में भीषण विस्फोट, 32 मजदूरों की मौत

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 31 जुलाई**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 32 मजदूरों की मौत हो गई। हादसे के समय खदान के प्रभावित हिस्से में 36 मजदूर काम कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार कई खनिक अभी भी लापता हैं और उनके मलबे में फंसे होने की आशंका है। राहत एवं बचाव दल लगातार अभियान चला रहे हैं, हालांकि हालात बेहद चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। यह हादसा क्वेटा के निकट स्थित सुरंगे क्षेत्र में हुआ, जहां एक-दूसरे के पास स्थित दो कोयला खदानें विस्फोट की चपेट में आ गईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खदान के भीतर मीथेन गैस जमा होने के कारण जोरदार धमाका हुआ, जिससे दोनों खदानों का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कई मजदूर अंदर ही फंस गए।

अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान लगभग 4,000 फीट की गहराई तक चलाया जा रहा



है। बचावकर्मी मलबा हटाकर फंसे मजदूरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, गहराई, गैस और क्षतिग्रस्त सुरंगों के कारण अभियान काफी कठिन हो गया है। अधिकारियों ने कुछ मजदूरों के जीवित मिलने की उम्मीद जताई है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए इसकी संभावना बेहद कम बताई जा रही है। हादसे के बाद प्रशासन ने पूरे इलाके को घेर लिया है और राहत कार्य तेज कर दिया गया है। साथ ही विस्फोट के कारणों की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं। यह दुर्घटना एक बार फिर खदानों में सुरक्षा मानकों और श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## राफेल को फेल बताने वाला पायलट, चीन के लिए जासूसी में धराया

**» पेरिस, यूटर्न/ 31 जुलाई ।**

भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमान को लेकर विवादित बयान देने वाले पूर्व फ्रांसीसी नौसेना पायलट पियरे हेनरी चूएट अब गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। फ्रांस में उन्हें चीन के लिए कथित जासूसी, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा करने और संवेदनशील सैन्य सूचनाएं लीक करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया है। पेरिस में जांच एजेंसियां उनसे पूछताछ कर रही हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

जांच में आरोप लगाया गया है कि पियरे हेनरी चूएट ने विदेशी ताकत के साथ खुफिया जानकारी साझा की और फ्रांस की सुरक्षा से



जुड़े गोपनीय तथ्यों का खुलासा किया। उनके चीन से कथित संबंधों की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो मामला फ्रांस की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बड़ा जासूसी प्रकरण साबित हो सकता है। पियरे हेनरी चूएट उस समय चर्चा में आए थे जब भारत द्वारा मई 2025 में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कई वीडियो जारी किए थे।

इन वीडियो में उन्होंने दावा किया था कि पाकिस्तान के चीनी निर्मित जे-10सी लड़ाकू विमान ने भारतीय राफेल को मार गिराया है। उन्होंने चीनी जे-10सी, जेएफ-17 लड़ाकू विमान और पीएल-15 मिसाइलों को राफेल से बेहतर बताते हुए उनकी खुलकर प्रशंसा की थी। हालांकि इन दावों की कोई पुष्टि नहीं हुई और उन्हें पूरी तरह निराधार बताया गया। बाद में यह भी स्पष्ट हो गया कि भारतीय वायुसेना के सभी 36 राफेल विमान सुरक्षित रूप से बेड़े में शामिल हैं।

जांच एजेंसियों के अनुसार चूएट पर यह भी आरोप है कि उन्होंने फ्रांसीसी नौसेना में सेवा के दौरान 2018 और 2019 में अधिकारियों को जानकारी दिए बिना चीन की दो गुप्त यात्राएं की थीं। आरोप यह भी है कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक फ्लाइंग स्कूल के माध्यम से चीनी सैन्य पायलटों को प्रशिक्षण दिया। जांच का फोकस इस बात पर भी है कि कहीं उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान फ्रांसीसी सैन्य तकनीक और रणनीतियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी तो साझा नहीं की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *